समाचार

निगम द्वारा किए जा रहे सड़क मरम्मत के कार्य

(महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर तक किया गया सड़क डामरीकरण कार्य)

कोरबा 31 अक्टूबर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत के कार्य सतत रूप से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से घंटाघर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क का मरम्मत कार्य डामरीकरण के माध्यम से किया गया, साथ अन्य जोनों में भी जहां पर सड़कें मरम्मत योग्य हैं, वहां पर भी मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं।

बरसात के दौरान निगम क्षेत्र की कुछ सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी तथा अत्यधिक वर्षा , पानी के बहाव के कारण सड़कें उखड़ चुकी थी, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम क्षेत्र की सभी मरम्मत योग्य सड़कों का मरम्मत व सुधार कार्य करने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए हैं, निगम द्वारा इन क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य विगत दिनों से प्रारंभ किया जा कर सड़कों की दशा सुधारी जा रही है, इमलीडुग्गू चौक से बरबसपुर की ओर जाने वाले कोरबा चांपा मुख्य मार्ग पर सड़कों के गड्ढों को भरकर एवं समतलीकरण कर मरम्मत कार्य कराने के साथ–साथ निगम के सभी जोन में सड़क मरम्मत के दर्जनों कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इसी कड़ी में कोसाबाड़ी

जोनांतर्गत महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से घंटाघर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग का डामरीकरण के माध्यम से मरम्मत का कार्य कराया गया, कोसाबाड़ी जोन के जोन कमिश्नर श्री ए.के. शर्मा ने बताया कि उक्त सड़क का मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात जोन की अन्य मरम्मत योग्य सड़कों की मरम्मत का कार्य संपादित कराया जाएगा।

सड़क मरम्मत कार्यो में और अधिक तेजी लाएं– आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के समस्त जोन कमिश्नरों को निर्देश देते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत के संबंध में किए जा रहे कार्यो में और अधिक तेजी लाएं, उन्होने कहा है कि आवश्यकतानुसार जिन सड़कों के मरम्मत हेतु डामरीकरण आवश्यक है,वहां डामरीकरण करें तथा जिन स्थानों पर सीमेंट कांक्रीट का कार्य किया जाना उपयुक्त होगा, वहां पर सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से सड़कों की मरम्मत का कार्य सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि निगम क्षेत्र की सभी मरम्मत योग्य सड़कों के मरम्मत व सुधार का कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।